# Varshik Rashifal Annual Horoscope 2025 in Hindi Know your Luck from Pisces to Pisces Rashifal 2025,नए वर्ष में क्या होगा खास,पढ़े 2025 मीन,राशिफल




Meen Rashi Varshik rashifal 2025 in hindi: मीन राशि 2025 राशिफल: कैसा रहेगा नया साल, जानिए भविष्यफल और अचूक उपाय

वर्ष 2025 में आपका करियर, पेशा, लव लाइफ, एजुकेशन, परिवार और सेहत का भविष्यफल वेबदुनिया पर जानिए विस्तार से। आपकी राशि में शनि की साढ़ेसाती का पहला चरण चल रहा है। दूसरा चरण 29 मार्च 2025 से प्रारंभ होगा। शनि आपके 12वें भाव से मार्च में प्रथम यानी लग्न भाव में गोचर करेगा। यह गोचर हर क्षेत्र में मिलेजुले परिणाम देगा, परंतु बृहस्पति तीसरे से चौथे भाव में गोचर करेगा जो जिंदगी को बेहतर बनाने में सहयोग देगा। आपका लकी वार गुरुवार है। लकी कलर पीला और नारंगी है। इसी के साथ ॐ नमो भगवते वासुदेवाय नमः मंत्र का जाप आपके लिए शुभ रहेगा। चलिये अब जानते हैं वार्षिक राशिफल विस्तार से।

वर्ष 2025 मीन राशि वालों का करियर और पेशा | Pisces job and business horoscope Prediction for 2025

वर्ष 2025 की शुरूआत से मई के मध्य तक बृहस्पति तीसरे भाव में रहकर नौकरी और व्यापार में शुभ परिणाम देगा। इंक्रीमेंट के साथ ही प्रमोशन भी हो सकता है। मई के बाद और भी अच्छी स्थिति निर्मित होगी। हालांकि शनि के कारण नौकरी में और बृहस्पति के कारण व्यापार में विघ्न पैदा हो सकता है। ऑफिस में सहकर्मियों के साथ संयम से काम लेना होगा और व्यापार में जोखिम से बचना होगा। इसके लिए आपको शनि ग्रह के उपाय करना चाहिए। इससे सब कुछ सामान्य रहेगा।

वर्ष 2025 मीन राशि वालों का एजुकेशन | Pisces School and College Education horoscope prediction 2025

वर्ष 2025 की शुरूआत से मई तक गुरु तीसरे भाव में रहकर शुभ प्रभाव देगा। यदि आप घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं तो आपके लिए यह अच्छा समय रहेगा। कॉम्पिटिशन एग्जाम दे रहे स्टूडेंट्स के लिए भी तीसरे भाव का गुरु शुभ है। इसके

बाद मई के मध्य में जब गुरू का चतुर्थ भाव में गोचर होगा तो जो छात्र रिसर्च कर रहे हैं या जो विदेश में पढ़ाई कर रहे हैं उन छात्रों के लिए यह गोचर शुभ परिणाम देगा। स्कूली छात्रों को कड़ी मेहनत करना होगी क्योंकि राहु-केतु और शनि के कारण शिक्षा में रुकावट आ सकती है। इसके लिए आपको लापरवाही और आलस्य से दूर रहकर हनुमानजी के मंत्रों का जाप भी करना पड़ेगा।

वर्ष 2025 मीन राशि वालों की विवाह और पारिवारिक लाइफ | Pisces Marriage Life and Family horoscope Prediction for 2025

यदि विवाह करने की चाहत रखते हैं तो मई के मध्य तक राहु और केतु की दृष्टि सप्तम भाव पर है उसी के साथ ही बृहस्पति की दृष्टि भी इसी भाव पर है। इसका अर्थ है कि आपको एक्स्ट्रा प्रयास करना होगा तभी सफलता मिलेगी। यानी जो भी करना हो मई के पहले कर लें। दूसरी ओर वैवाहिक जीवन की बात करें तो मार्च के बाद शनि का प्रभाव सप्तम भाव पर पूरे वर्ष बना रहेगा। राहु और केतु का पहले ही इसी भाव पर प्रभाव है। ऐसे में दांपत्य जीवन में सतर्कता से रहना होगा। विवाद से बचकर रहें। अपनी वाणी पर कंट्रोल रखें। घर-परिवार के लिए चतुर्थ भाव का बृहस्पति शुभ फल देगा, लेकिन इसके लिए आपको घर में ही गुरु के उपाय करते रहना होंगे।

वर्ष 2025 मीन राशि वालों की लव लाइफ | Pisces love life horoscope Prediction for 2025

तीसरे भाव का बृहस्पति 29 मार्च तक आपका साथ देगा। हालांकि राहु की पंचम भाव पर दृष्टि है जो कोई खास प्रभाव नहीं डालेगी। छोटी-मोटी गलतफहमियां हो सकती हैं। इसके बाद मार्च में मीन राशि में शनि का गोचर आपकी लव लाइफ की खुशियों पर ब्रेक लगा सकता है। यदि आप सच्चा प्रेम करते, सत्य बोलते और शनि के मंदे कार्यों से दूर हैं तो डरने की जरूरत नहीं, शनि आपका कुछ नहीं बिगाड़ेंगे। कुल मिलाकर यह वर्ष लव लाइफ के लिए मिलाजुला साबित होगा परंतु यदि आप राहु और शनि से बचने के उपाय करते हैं तो और भी बेहतर माहौल बना सकते हैं।

वर्ष 2025 मीन राशि वालों का आर्थिक पक्ष | Pisces financial  horoscope Prediction for 2025

वर्ष 2025 की शुरुआत से मई के मध्य तक बृहस्पति तीसरे भाव में रहकर लाभ भाव पर दृष्टि डालेगा जिसके चलते मई माह तक आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। इसी के साथ ही शनि के द्वादश भाव में रहने से भी आपको अच्छा सपोर्ट मिलेगा। मार्च के बाद ग्रहों की स्थिति बदलने से आर्थिक जीवन में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। हालांकि कुल मिलाकर पूरे वर्ष में यदि मंगल और बृहस्पति के प्रभाव को देखें तो आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत ही होगी। आप गोल्ड में निवेश करने के अलावा भूमि में भी निवेश कर सकते हैं। शेयर बाजार में औसत समय रहेगा।

वर्ष 2025 मीन राशि वालों की सेहत | Pisces Health horoscope Prediction for 2025

वर्ष की शुरुआत में द्वादश भाव का शनि छठे यानी रोग भाव में और राहु-केतु का प्रभाव प्रथम यानी लग्न भाव पर रहेगा जिसके चलते सेहत बिगड़ सकती है। पेट, कनपटी, घुटनों और नसों से संबंधित समस्या हो सकती है। इसके बाद शनि जब लग्न भाव में गोचर करेगा तब पूरे वर्ष सेहत में उतार-चढ़ाव का सिलसिला बना रहेगा। बेहतर होगा कि आप अभी से ही संतुलित जीवनशैली को अपनाएं और प्रतिदिन योग व्यायाम करें। उपाय के तौर पर भैरव मंदिर में उनका प्रसाद चढ़ाएं और कुत्तों को रोटी खिलाते रहें। यदि यह नहीं कर सकते हैं तो प्रतिदिन नीम की दातुन करें और हनुमानजी की उपासना करें।

मीन राशि के लिए वर्ष 2025 अच्छा रहे इसके लिए करें ये उपाय | Pisces 2025 horoscope Remedies upay for 2025 in hindi

- गुरुवार का व्रत रखें और मंदिर में पीली वस्तुओं का दान करें।
- शनिवार को शाम को छाया दान करें।
- घर की ईशान और उत्तर दिशा को खाली रखें और वहां जल की स्थापना करें।
- प्रत्येक चौथे माह कन्याओं को बुधवार या शुक्रवार के दिन भरपेट भोजन कराएं।

- आपका लकी नंबर 3, लकी रत्न पुखराज, लकी कलर पीला एवं नारंगी, लकी वार बृहस्पतिवार एवं रविवार और लकी मंत्र ॐ बृं बृहस्पतये नम: और ॐ नमो भगवते वासुदेवाय नमः।

As the top Jyotish in India, Pandit Acharya V Shastri ji (**Best Astrologer in Delhi NCR**) strongly recommends following these tips to bring the power of the moon in your favour again. Book your appointment or get assistance on call from the leading astrologer today for a more personalised analysis of your planets.

**India's Famous Astrologers, Tarot Readers, Numerologists on a Single Platform. Call Us Now.**

**Call Certified Astrologers instantly on Dial199 - India's No.1 Talk to Astrologer Platform. Expert Live Astrologers. 100% Genuine Results**

**Read On Website**

# Other Blogs




**Aaj Ka Panchang 09 सितंबर 2025 का पंचांग: 09 September 2025 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय, Best Muhurat**




**Aaj Ka Panchang 16 दिसम्बर 2024 का पंचांग: 16 December 2024 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय, Best Muhurat**




**Varshik Rashifal Annual Horoscope 2025 in Hindi Know your Luck from Scorpio to Pisces Rashifal 2025,नए वर्ष में क्या होगा खास,पढ़े 2025 वृश्चिक,राशिफल**




**Aaj Ka Panchang 17 जून 2025 का पंचांग: 17 June 2025 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय, Best Muhurat**




**Aaj Ka Panchang 07 नवंबर 2025 का पंचांग: 07 November 2025 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय, Best Muhurat**




**मई 2021 का मासिक राशिफल: जाने आपका भाग्य**




**Aaj Ka Panchang 17 अप्रैल 2025 का पंचांग: 17 April 2025**




**Varshik Rashifal Annual Horoscope 2025 in Hindi**




**Capricorn Sign - Health and Medical Astrology**

**ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय, Best Muhurat**

**Know your Luck from Libra to Pisces Rashifal 2025,नए वर्ष में क्या होगा खास,पढ़े 2025 तुला,राशिफल**




**Aaj Ka Panchang 30 मई 2022 का पंचांग: 30 May 2022 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय**




**Gemini sign - Health and Medical Astrology**




**Aquarius Sign - Health and Medical Astrology**